आवास भारती

वर्ष 11, अंक 41, अक्तूबर-दिसंबर, 2011

राष्ट्रीय आवास बैंक

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा गठित

दिल्ली बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

संयोजक :

दिल्ली बैंक नराकास अंतः बैंक हिन्दी गृह पत्रिका प्रतियोगिता - वर्ष 2010-11

प्रमाण-पत्र

आवास भारती ...(पत्रिका का नाम) के लिए (कार्यालय) राष्ट्रीय आवास बैंक

को अंतः बैंक हिन्दी गृह पत्रिका प्रतियोगिता में......प्रथम............स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में प्रदत्त।

अध्यक्ष

नई दिल्ली

दिनांक : 23.12.2011

राष्ट्रीय आवास बैंक
के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
श्री आर.वी. वर्मा
की ओर से
नववर्ष एवं बैंक के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर
संदेश

प्रिय साथियो,

हमारी यह मनोकामना है कि आप सभी के लिए नव वर्ष 2012 खुशियों और समृद्धि से भरपूर हो। यह आप और आपके परिवार को अनेक नए एवं रोचक अवसर प्रदान करे, जीवन को सुख-सौभाग्य, स्वास्थ्य और खुशियों से भरपूर बनाए।

विगत वर्ष (2011) रा.आ.बैंक के लिये लक्ष्यों की प्राप्ति, ग्रामीण आवास पर प्रभाव डालने और देश में सुदृढ़ तथा मजबूत आवास वित्त प्रणाली के विस्तार में अन्य अनेकों विकासात्मक प्रयासों के कारण विशेष महत्वपूर्ण रहा। रा.आ.बैंक अपने सकल ऋणों एवं अग्रिमों में अपने प्रथम लक्ष्य 20,000 करोड़ रु. को पार कर सका और वर्ष 2010-11 के दौरान कुल ग्रामीण आवास ऋण का संवितरण 5790 करोड़ रु. रहा। मैं आप सभी को अथक प्रयासों के लिये धन्यवाद देता हूं और प्रगाढ़ परस्पर संबंधों के बने रहने की आशा करता हूं, जिससे कि हम सफलताएं प्राप्त करते रहें।

हम 2012 में अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, जिसके लिये हमारे पास अन्य अनेकों कार्यक्रम और सुअवसर हैं। किसी भी संस्थान के जीवन में रजत जयंती विशेष महत्व रखती है; क्योंकि यह बढ़ती आयु एवं परिपक्वता की परिचायक होती है और मुझे विश्वास है कि आपके सहयोग से हम अपने प्रयासों में सफल होंगे। इस रजत जयंती वर्ष 2012 में हम अपने सकल ऋणों तथा अग्रिमों में एक नई उच्च उपलब्धि यथा 25,000 करोड़ रु. के लक्ष्य को प्राप्त करने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

हम रजत जयंती को एक महत्वपूर्ण पर्व के रूप में मनाने की योजना बना रहे हैं और इस दिशा में हम आपके सहयोग व सहायता की अपेक्षा करते हैं। इस दिशा में भविष्य के लिये योजना बनाने हेतु आत्मविश्लेषण करें और उनका संचय करें, ऐसी हम आशा करते हैं।

9 जुलाई, 2012 से शुरू होकर वर्ष भर चलने वाले रजत जयंती समारोह मनाने के दौरान अनेक क्रियाकलापों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आप सब का योगदान अपेक्षित है। मैं रा.आ.बैंक की ओर से आप सभी को इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए सहर्ष आमंत्रित करता हूं।

रजत जयंती समारोह के अंत में, एक रजत जयंती स्मारिका का विमोचन किया जाएगा, जिसमें संस्थान के इतिहास पर प्रकाश डाला जाएगा।

हम आप सभी से सक्रिय सहयोग, समर्थन और सहभागिता की अपेक्षा करते हैं।

(आर.वी.वर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

आपकी पाती

14 दिसंबर, 2011

महोदय,

आपके पत्र के साथ संलग्न हिंदी गृह पत्रिका 'आवास भारती' का जुलाई–सितंबर, 2011 का अंक प्राप्त हुआ। हमें इस बात की महती प्रसन्नता है कि आपकी पत्रिका हमें नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। अतः हमारा धन्यवाद स्वीकारें।

पत्रिका अपने आप में संपूर्ण है अतः किसी सुझाव / विचार की अपेक्षा नहीं रखती है। इसमें न केवल आपके द्वारा सम–सामयिक विषयों यथा महंगाई, स्वास्थ्य आदि पर लेख हैं अपितु आवास संबंधी बहुविषयक लेखों तथा विभिन्न वैचारिक लेखों को भी समाविष्ट किया गया है।

आशा है यह पत्रिका हमें अनवरत रूप से प्राप्त होती रहेगी।

भवदीय,

राकेश कुमार सुन्दरियाल हिंदी अधिकारी

सेन्ट्रल कॉटेज इण्डस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

नई दिल्ली

---

19 दिसंबर, 2011

प्रिय महोदय,

आवास भारती का जुलाई–सितंबर, 2011 का अंक प्राप्त हुआ। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पत्रिका के अधिकांश लेख संजोकर रखने लायक हैं। पत्रिका में आवास, वाणिज्य, विकास, पर्यावरण, अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य एवं धर्म व दर्शन जैसे विषयों पर अत्यंत उपयोगी सामग्री देने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त नियमित स्तंभ में भी अच्छी सामग्री दी गई है।

प्रति भेजने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के संपादक मंडल को बहुत–बहुत धन्यवाद।

भवदीय,

उप प्रबंधक (राजभाषा)

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

---

20 दिसंबर, 2011

महोदय,

आपके बैंक की पत्रिका 'आवास भारती' का नवीनतम जुलाई–सितंबर 2011 अंक प्राप्त हुआ, धन्यवाद। पत्रिका में विभिन्न विषयों पर लेखों का संकलन, संपादक मंडल के सफलतम प्रयास का द्योतक है। साथ ही बैंक के विविध गतिविधियों की झलक सराहनीय है।

लेख 'किफायती आवास परिदृश्य' तथा 'प्रेम न बाड़ी उपजे, प्रेम न हाट बिकाय' अत्यंत ज्ञानवर्धक है। पत्रिका के कुशल संपादन के लिए संपादक मंडल को बधाई तथा आगामी अंकों के लिए शुभकामनाओं सहित।

आपका हितैषी

परमजीत सिंह धावरी

मुख्य महाप्रबंधक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

नई दिल्ली

---

24 दिसंबर, 2011

महोदय,

मुझे आपकी पत्रिका ''आवास भारती'' का जुलाई–सितंबर, 2011 का अंक पढ़ने का अवसर मिला। संपादक महोदय जी के विचार इस आशा को बल देते हैं कि हमारी राष्ट्रभाषा को जल्द ही सभी जगह उसका उचित स्थान प्राप्त होगा। आपके लेखों और अन्य गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण लाजवाब है। पत्रिका का लेखन भाग तो अदभुत है ही साथ ही पत्रिका की डिजाइनिंग भी उम्दा है। राजभाषा अधिकारी जी का लेख 'एक गुमनाम हीरो' हमें अपने स्वतंत्रता इतिहास के उस हिस्से की याद दिलाता है जिसे हम भूलते जा रहे हैं और कहीं ना कहीं यह हमारे लिए शर्म की बात है। वरिष्ठ नागरिक, आवास, दर्शन, धर्म, स्वास्थ्य आदि जैसे विषयों पर प्रकाशित सभी लेख अपने आप में अनूठे, पठनीय और सराहनीय हैं। 'युवा लोग मुख्य संसाधन' नई पीढ़ी को ध्यान में रखकर लिखी गयी एक अत्यंत उपयोगी लेख है। अंत में मैं पत्रिका के बारे में बस यही कहना चाहूंगी कि यह बाजारू लुक को लिए हुए एक सैद्धांतिक पत्रिका है। इस कार्य के निष्पादन और इसे ऐसा बनाए रखने के लिए संपादक मंडल निश्चित तौर पर बधाई के पात्र है। आगामी अंको के लिए शुभकामनाओं सहित।

गौरव त्यागी

पत्रकार व समाजसेवी

एमआईजी फ्लैट, ईस्ट लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली

---

25 जनवरी, 2012

महोदय,

राष्ट्रीय आवास बैंक की राजभाषा पत्रिका 'आवास भारती' जुलाई–सितम्बर 2011 का अंक प्राप्त हुआ, धन्यवाद। पत्रिका का यह अंक भी सुरुचिपूर्ण एवं आकर्षक बन पड़ा है। पत्रिका में आवास, वाणिज्य, विकास, पर्यावरण, अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य एवं धर्म व दर्शन जैसे विषयों का चयन सराहनीय है। सामसायिक घटनाओं एवं राजनैतिक मूल्यों के क्षरण तथा बढ़ती कीमतों पर लेख एवं कहानी तथा देश की सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण पर चिंता अच्छे हैं।

आशा है कि भविष्य में भी पत्रिका हमें नियमित रुप से प्राप्त होती रहेगी।

भवदीय,

विजय पाटनी

सहायक प्रबंधक (हिंदी)

दि हैण्डीक्राफ्ट्स एंड हैण्डलूम्स एक्सपोर्ट्स

कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

संपादकीय

एक बड़ी पुरानी कहावत है कि "जहां चाह– वहां राह"। इसका अंग्रेजी रूपांतर है– "देयर इज विल, देयर इज ए वे।" यदि हम इसे और स्पष्ट करें तो कह सकते हैं यदि इच्छा शक्ति होती है तो इंसान अपनी राह खोज लेता है या फिर एक राह बना लेता है। हाल ही में प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर बहुत सारे ऐसे लोग दिखे, जो अंग्रेजी के अलावा अपनी मातृभाषा फर्राटे से बोल रहे थे। इसमें पंजाबी, बंगाली, गुजराती एवं तमिल लोग सबसे आगे थे। वे दुनिया भर के तमाम देशों में पचास–सौ सालों से रह रहे हैं परंतु उन्होंने अपनी मातृभाषा के प्रति प्रेम जीवित रखा है। यहां तक की सभी लोग काम चलाऊ हिन्दी भी बोल रहे थे

मैं मूलतः मराठी भाषी हूं और लगभग 30 साल से बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत हूं। मैंने सदैव अपने काम में हिंदी को प्राथमिकता दी और बेझिझक कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में किया। इस संदर्भ में मैं पूर्व राष्ट्रपति डा० एपीजे अब्दुल कलाम के एक साक्षात्कार के अंश का जिक्र करूंगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी प्रारंभिक पढ़ाई मातृभाषा तमिल में हुई, इसलिए वे शिक्षा को बेहतर ढंग से समझ सके और उसी के बल पर वे वैज्ञानिक बने और देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचे। मैंने इसी भावना को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को हिंदी माध्यम से पढ़ाया। हालांकि देश की व्यवस्था को देखते हुए एवं अपने अनुभव से निजी मत व्यक्त करना चाहता हूं कि बच्चे को शिक्षा मातृभाषा में ही दी जानी चाहिए और अंग्रेजी को प्रारंभ से ही एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए, न कि अंग्रेजी माध्यम में। जहां मातृभाषा हिंदी नहीं है, वहां प्रारंभ से ही बच्चों को हिंदी एवं अंग्रेजी एक विषय के रूप में पढ़ाए जाने चाहिए।

जैसा कि मैंने प्रारंभ में ही कहा था कि जहां चाह है वहां राह है। इसका एक स्पष्ट उदाहरण मुझे हाल ही में बैंगलोर एवं मैंगलोर के दौरे पर मिला। वहां हर टैक्सीवाला, आटोवाला, यहां तक कि बस कंडेक्टर से जब मैंने अंग्रेजी में बात करनी चाही तो उनका प्रश्न होता– आप दिल्लीवाला, साब हिंदी चलेगा और वे अंग्रेजी की अपेक्षा हिंदी को प्राथमिकता दे रहे थे।

आज हालात यह है कि आजादी के 65 वर्ष बाद भी केन्द्र सरकार के अंतर्गत आने वाले कार्यालयों, उपक्रमों, प्रतिष्ठानों में हिंदी को सरकारी कामकाज की भाषा बनाने के लिए राजभाषा विभाग या हिंदी प्रकोष्ठ खोलने पड़े हैं और इनके माध्यम से लोगों को प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार, विशेष इंक्रीमेंट दिए जाते हैं। राजभाषा क्रियान्वयन के लिए बैठकें, सेमिनार एवं राजभाषा सम्मेलन करने पड़ते हैं। हम भारतीयों के लिए यह कितने शर्म की बात है कि हमें अपनी ही भाषा में काम करने के लिए प्रोत्साहन राशि एवं पुरस्कार चाहिए। आज देश के उच्च एवं सर्वोच्च न्यायलय अपने फैसले अंग्रेजी में सुनाते हैं जबकि देश के नब्बे फीसदी लोग उसे समझते भी नहीं हैं।

यदि ध्यान से देखा जाए, तो हमें लगता है कि देश की अपनी राजभाषा एवं राजकाज की भाषा के लिए कोई भी गंभीर नहीं है। यदि गंभीर होते तो कदाचित आज यह स्थिति न होती। हमारे देश के हिंदी प्रदेश के नेतागण भी मंत्रिपद के शपथ ग्रहण में हिंदी की बजाय अंग्रेजी में शपथ लेते हैं। क्या कभी उन्होंने सोचा है कि इससे पूरे देश को क्या संदेश जाता है। यदि हमारे राजनीतिज्ञों को देश की चिंता होती तो भाषा विवाद का विकृत स्वरूप खड़ा करके जनता को भ्रमित नहीं किया जाता। हम एक तरफ तो पूरे विश्व को विविधता में एकता और धार्मिक सहिष्णुता का उपदेश देते हुए खुद को उदाहरण के रूप में पेश करते हैं, वहीं दूसरी ओर हजारों सालों से समाज को जातिप्रथा एवं अस्पृश्यता के खेल में उलझाये हुए हैं। आजादी के पैंसठ सालों बाद भी इस जंजीर को तोड़ने की बजाय और सुदृढ़ बना रहे हैं। आज प्रजातंत्र के नाम पर होने वाले चुनाव केवल और केवल जातीयता के आधार पर केन्द्रित होकर एक नये जातितंत्र को बढ़ावा दे रहे हैं। आज मानवता तार–तार एवं शर्मसार है फिर भी हमें शर्म नहीं आती।

आज जातीयता का प्रभाव इतना विकराल रूप धारण कर चुका है कि जिस डा. भीमराव अंबेडकर ने इस देश के संविधान को तैयार किया और भारतीय गणतंत्र को एक अलग पहचान दिलाई, उसी महापुरुष को एक खास वर्ग का नेता बनाकर उसके व्यक्तित्व को सीमित किया जा रहा है। क्या उस व्यक्ति ने दलितों के अधिकारों की लड़ाई लड़कर और उचित सम्मान दिलाने का प्रयास करके कोई पाप कर्म किया है?

एक तरफ अंग्रेजों ने जहां मैकाले की शिक्षा पद्धति को अपनाते हुए भारतीय भाषा एवं संस्कृति को नष्ट करने का काम किया था, वहीं आजादी के बाद तथाकथित भारतीय काले अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को कायम रखने के लिए हिंगलिश को जन्म दे डाला। हमने अब तक इतिहास से सबक क्यों नहीं सीखा? क्या हम सचमुच अज्ञानी हैं या फिर मूर्ख, या फिर सत्ता सुख से स्वार्थी हो गए हैं ? ताकि सत्ता एवं समृद्धि की गाड़ी पर कोई आम आदमी न चढ़ सके। हम सबको तुरंत इसकी चिंता करनी चाहिए। हिन्दी को अपनाने के लिए प्रोत्साहन एवं प्रलोभन एवं झूठी पदोन्नति जैसे सरकारी प्रयास बेकार हैं। हमें अपने संविधान में घोषित देवनागरी लिपि वाली हिंदी को स्वदेश प्रेम के साथ तन मन व धन से अपनाना चाहिए। बस हमें एक प्रबल इच्छा शक्ति पैदा करने की आवश्यकता है। आदरणीय लोहियाजी ने भी कहा था "अंग्रेजी में काम न होगा, फिर से देश गुलाम न होगा।"

(जी.एन. सोमदेवे)
संपादक व सहायक महाप्रबंधक
मो. 9560900451

आवास भारती

राष्ट्रीय आवास बैंक की राजभाषा पत्रिका

(केवल आंतरिक परिचालन हेतु)

पंजी. संख्या : दिल्ली इन/2001/6138

वर्ष 11, अंक 41, अक्तूबर–दिसम्बर 2011

प्रधान संरक्षक

राज विकास वर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संयुक्त संरक्षक

अर्णव रॉय, कार्यपालक निदेशक

संरक्षक

एन. उदय कुमार, उप महाप्रबंधक

संपादक

जी.एन. सोमदेवे, सहायक महाप्रबंधक

सहायक संपादक

अमर सिंह सचान, राजभाषा अधिकारी

संपादक मंडल

रंजन कुमार बरुन, क्षेत्रीय प्रबंधक

किशोर कुंभारे, क्षेत्रीय प्रबंधक

मोहित कौल, प्रबंधक

के.जगन मोहन राव, प्रबंधक

राधिका राठी, उप प्रबंधक

रुचि वशिष्ठ, सहायक प्रबंधक

प्रभात रंजन, सहायक प्रबंधक

पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं में अभिव्यक्त विचार, मौलिकता एवं तथ्य आदि लेखकों के अपने हैं। संपादक या बैंक का इनके लिए ज़िम्मेदार अथवा सहमत होना अनिवार्य नहीं है।

राष्ट्रीय आवास बैंक

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व में)

कोर 5–ए, 3–5 तल, इंडिया हैबिटेट सेंटर,
लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003

विषय-सूची

	विषय	पृष्ठ सं.
1.	बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय का संदेश	1
2.	आपकी पाती	2
3.	संपादकीय	3
4.	विषय सूची	4
5.	राष्ट्रीय आवास बैंक परिवार समाचार	5
6.	मकान किराये पर लेना, मकान खरीदने से ज्यादा फायदेमंद	9
7.	महाराष्ट्र सरकार द्वारा छोटे फ्लैटों के निर्माण	11
8.	भारत–उदय	12
9.	भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास क्रम	14
10.	किराया आवास– आज की जरूरत	18
11.	बुरे काम का बुरा नतीजा	20
12.	राष्ट्र भाषा का महत्व और उसकी उपलब्धि	23
13.	रक्तचाप	25
14.	मोबाईल: सुविधा या असुविधा	27
15.	आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा रहस्य	29
16.	यौन उत्पीड़न संरक्षण विधेयक का दायरा	32
17.	'आगाज'	34
18.	डॉ0 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सामाजिक चेतना के महान प्रवर्तक	35
19.	काव्य सुधा	39

राष्ट्रीय आवास बैंक परिवार समाचार

संगोष्ठियां

18 अक्तूबर, 2011 को जयपुर में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर संगोष्ठी

राष्ट्रीय आवास बैंक ने हेल्पेज इंडिया की साझेदारी से 18 अक्तूबर, 2011 को जयपुर में रिवर्स मॉर्टगेज (विपरीत बंधक) ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर एक संगोष्ठी आयोजित की। संगोष्ठी में जयपुर की विभिन्न आवास कल्याण समितियों के 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए।

संगोष्ठी में डॉ. हरविंदर सिंह बख्शी, राष्ट्रीय निदेशक (ऐडवोकेसी), हेल्पेज इंडिया, श्री पी.डी.द्विवेदी, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संस्था, प्रताप नगर, जयपुर; श्री सी.एस. भार्गव, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संस्था मानसरोवर, जयपुर; श्री शरद कटियार, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक संस्था, सिविल लाइन्स, जयपुर; श्री के.के. राजामोहन, प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक, मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली; श्री निलेश जी. नालव्या, राज्य प्रमुख, राजस्थान, हैल्पेज इंडिया भी उपस्थित थे। श्री बी. प्रभु, सहायक प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक ने रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिक उत्पाद पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया।

30 नवम्बर, 2011 को हैदराबाद में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर संगोष्ठी

हेल्पेज इंडिया के सहयोग से राष्ट्रीय आवास बैंक ने 30 नवंबर, 2011 को हैदराबाद में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में 40 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

इस संगोष्ठी में हेल्पेज इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक (एडवोकेसी), डा. हरविंदर सिंह बख्शी; राष्ट्रीय आवास बैंक, मुख्यालय नई दिल्ली से श्री के.के. राजामोहन तथा राज्य हेल्पेज इंडिया के श्री एस.दास तथा डॉ. राव चेलिकनी, मानद अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ आंध्र प्रदेश सीनियर सिटीजन आर्गेनाइजेशन तथा श्री परमेश्वर रेड्डी, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश सीनियर सिटीजन कनफेडरेशन ने भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आवास बैंक के सहायक प्रबंधक श्री बी.प्रभु ने रिवर्स मॉर्टगेज ऋण समर्थित वार्षिकी उत्पाद पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी।

21 दिसंबर, 2011 को गाजियाबाद में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर संगोष्ठी

राष्ट्रीय आवास बैंक ने हेल्पेज इंडिया के सहयोग से 21 दिसंबर, 2011 को गाजियाबाद में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए।

इस संगोष्ठी में डॉ. हरविंदर सिंह बख्शी, राष्ट्रीय निदेशक (ऐडवोकेसी), हेल्पेज इंडिया; श्री जे.आर. गुप्ता, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक परिषद; श्री के.के. राजामोहन, प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा आवास कल्याणकारी संघों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे। श्री बी.प्रभु, सहायक प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक ने रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण दिया।

28 दिसंबर, 2011 को लखनऊ में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर संगोष्ठी

हेल्पेज इंडिया के सहयोग से 28 दिसंबर, 2011 को जयशंकर प्रसाद ऑडिटोरियम, लखनऊ में रिवर्स मॉर्टगेज ऋण सामर्थ्यकारी वार्षिकी उत्पाद पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में क्षेत्र के विभिन्न आवास कल्याण संघों से लगभग 50 वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए।

इस संगोष्ठी में डॉ. हरविंदर सिंह बख्शी, राष्ट्रीय निदेशक (ऐडवोकेसी), हेल्पेज इंडिया; श्री ए.के. सिंह, राज्य प्रमुख– हेल्पेज इंडिया; श्री एस.एच.पी रिजवी, क्षेत्रीय प्रबंधक, लखनऊ प्रतिनिधि कार्यालय, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा श्री बी. प्रभु, सहायक प्रबंधक, राष्ट्रीय आवास बैंक, मुख्य कार्यालय, नई दिल्ली शामिल थे। श्री बी.प्रभु ने रिवर्स मॉर्टगेज ऋण पर और श्री रिजवी ने रा.आ.बैंक की संवर्धनात्मक भूमिका तथा क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के क्रियाकलापों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण

14 अक्तूबर, 2011 को उत्तराखंड के देहरादून में ग्रामीण आवास वित्त पर प्रशिक्षण

दिनांक 14 अक्तूबर, 2011 को उत्तराखंड राज्य की राजधानी देहरादून में ग्रामीण आवास वित्त विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया, इस अवसर पर इन प्रतिभागियों को ग्रामीण आवास के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण आवास वित्त, आवास वित्त पर योजनाएं, राष्ट्रीय आवास बैंक की ग्रामीण आवास वित्त में भूमिका, ग्रामीण आवास ऋणों का मूल्यांकन, संवितरण, अनुपालन एवं वसूली आदि मुद्दों पर प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर रा.आ.बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आत्माराम मुदियम, क्षेत्रीय प्रबंधक एवं उ.प्र. के प्रतिनिधि कार्यालय प्रभारी श्री एस.एच.पी. रिजवी तथा भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य श्री एन.डी. डुडेजा ने प्रतिभागियों को कथोक्त विषयों पर संबोधित किया।

20 एवं 21 अक्तूबर, 2011 को जयपुर, राजस्थान में मकानों के लिए बंधक वित्त पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 20 एवं 21 अक्तूबर, 2011 को आवास वित्त कंपनियों एवं बैंकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जहां उन्हें रा.आ.बैंक के द्वारा निभाई जाने वाली पर्यवेक्षण एवं विनियमन की भूमिका पर प्रकाश डालने के साथ, आवास ऋण के मूल्यांकन, जोखिमों, संवितरण, अनुपालन, वसूली एवं ऋण बाजार के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा शीर्षस्थ बैंकिंग संस्थान के रूप में रा.आ.बैंक की भूमिका एवं महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर रा.आ.बैंक की ओर से उप महाप्रबंधक श्री वी राजन तथा क्षेत्रीय प्रबंधक, श्री आत्माराम मुदियम; भारतीय स्टेट बैंक के साथ स्टाफ कालेज के उप महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य श्री आर.गणेश, और यहीं के पूर्व सहा.महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य श्री एल राजन तथा भारतीय रिजर्व बैंक के उपमहाप्रबंधक श्री वैभव चतुर्वेदी ने प्रतिभागियों को भिन्न–भिन्न मुद्दों पर संबोधित किया।

16 दिसंबर, 2011 को पटना, बिहार में ग्रामीण आवास वित्त पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

16 दिसंबर, 2011 को पटना, बिहार में ग्रामीण आवास वित्त पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र को रा.आ. बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री आर.वी.वर्मा ने उद्घाटित किया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीण आवास वित्त संस्थानों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीय आवास बैंक की भूमिकाओं एवं कार्यकलापों पर प्रकाश डाला गया तथा ग्रामीण आवास वित्त से जुड़ी योजनाओं, ब्याज अनुदान सहायता (ईशप) योजना तथा इन्हें प्राप्त करने की तकनीकों, प्रक्रियाओं एवं प्रयोजनों की सत्रानुसार जानकारी दी गई। इस अवसर पर रा.आ. बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री सुनील रसानिया, प्रबंधक श्री विजय कुमार तथा स्टेट बैंक अकादमी के सहायक महाप्रबंधक एवं संकाय सदस्य प्रशिक्षकों के रूप में उपस्थित थे।

22 व 23 दिसंबर 2011 को बैंगलूरू में आवास वित्त में धोखाधड़ी निवारण पर प्रशिक्षण

राष्ट्रीय आवास बैंक के तत्वावधान में दिनांक 22 व 23 दिसंबर 2011 को बैंगलूरू में आवास वित्त में धोखाधड़ी की रोकथाम व निवारण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न आवास वित्त कंपनियों एवं बैंकों के 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर रा.आ.बैंक एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कथोक्त विषय पर निभाई जा रही भूमिकाओं का ब्यौरा दिया गया और इसके साथ ही आवास ऋण, आवास ऋण में समाहित जोखिमों एवं उनसे बचाव, कालाधन एवं धोखाधड़ी, मॉर्टगेज तथा कुछ केस स्टडीज पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में रा.आ.बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री आर.एस.गर्ग; क्षेत्रीय प्रबंधक श्री आत्माराम मुदियम; भा.रि.बैंक स्टाफ कालेज से संकाय सदस्य एवं उप महाप्रबंधक श्री ब्रज राज; भारतीय स्टेट बैंक स्टाफ कालेज से संकाय सदस्य एवं उप महाप्रबंधक श्री गणेश राममूर्ति, आंध्रा बैंक के उप महाप्रबंधक (विधि) श्री पी.के. गोस्वामी तथा सीडीआईएमएस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री चेतन दलाल संकाय सदस्यों के रूप में उपस्थित हुए।

(उपरोक्त समस्त प्रशिक्षण कार्यों का सफल आयोजन राष्ट्रीय आवास बैंक के सहायक प्रबंधक श्री परिचय हैं, जिन्होंने सभी कार्यक्रमों के लिए प्रशासकीय एवं संभारतंत्र को सफलतापूर्वक आयोजित किया)

सम्मेलन

रा.आ. बैंक द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

राष्ट्रीय आवास बैंक ने एशिया पेसीफिक यूनियन फॉर हाउसिंग फाइनेंस के साथ मिलकर 29 जनवरी से 01 फरवरी, 2012 तक होटल इम्पीरियल, नई दिल्ली में वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की है। इस सम्मेलन का विषय "किफायती आवास बाजार में स्थिरता के साथ वृद्धि" है। सम्मेलन में वैश्विक मुद्दों के वृहद क्षेत्र पर विचार –विमर्श होगा जिसका मोर्टगेज उद्योग ने पिछले दिनों में सामना किया है। इनमें चर्चा के ये मुद्दे भी शामिल हैं–

1. उभरते बाजारों में वहनीयता के मुद्दे
2. किफायती आम आवास
3. आपूर्ति की ओर वृद्धि और स्थायित्व पर इसका प्रभाव
4. आवास आपूर्ति में सार्वजनिक और निजी भागीदारी प्रारूप
5. खुदरा आवास बाजार में प्रवृत्तियां और विकास
6. अनौपचारिक क्षेत्र के ऋणकर्ताओं हेतु आवासीय समाधान
7. विविध मॉर्टगेज बाजारों में तुलनात्मक मॉडल
8. विनियामक मुद्दे
9. आवास वित्त बाजार आदि के क्रमानुसार वृद्धि हेतु अनुसंधान, डाटा विश्लेषण की जरूरत

इस सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ, जो आवास और आवास वित्त के विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं, शामिल होगें।

कार्यशाला

दिनांक 2 दिसंबर, 2011 को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी योजना पर कार्यशाला

राष्ट्रीय आवास बैंक के द्वारा रांची, झारखंड में दिनांक 2 दिसंबर, 2011 को शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी (अनुदान) पर एक कार्यशाला (विचार–गोष्ठी) का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य के वरिष्ठ बैंकरों के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड राज्य की ओर से श्री के.के. सिन्हा, ओएसडी (सांस्थानिक वित्त) द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय आवास बैंक के उप महाप्रबंधक श्री ललित कुमार; हडको के क्षेत्रीय प्रमुख श्री आर घोष; हडको की उप महाप्रबंधक सुश्री एस घोष; झारखंड के बैंकर्स तथा स्थानीय शहरी निकायों के 30 सदस्य; जीआरडीए के अधिकारीगण एवं झारखंड राज्य के शहरी विकास विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। रा.आ.बैंक के पटना प्रतिनिधि कार्यालय के प्रभारी अधिकारी श्री विजय कुमार ने शहरी गरीबों के लिए आवास हेतु ब्याज सब्सिडी पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यशाला में प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी सवालों का जवाब रा.आ.बैंक के उप महाप्रबंधक श्री ललित कुमार तथा झारखंड राज्य के ओएसडी (सांस्थानिक वित्त) श्री के.के. सिन्हा ने प्रदान किया।

पुरस्कार

दिल्ली बैंक नगर राजभाषा का कार्यान्वयन समिति के द्वारा आवास भारती को प्रथम पुरस्कार की प्राप्ति

23 दिसंबर, 2011 को दिल्ली बैंक नराकास की 35वीं बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय आवास बैंक की गृह पत्रिका–आवास भारती को वर्ष 2011 के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बैंक की ओर से सहायक महाप्रबंधक, श्री जी.एन.सोमदेवे तथा राजभाषा अधिकारी, डॉ. अमर सिंह सचान ने बैठक में प्रतिनिधित्व करते हुए पुरस्कार ग्रहण किया।

मकान किराये पर लेना, मकान खरीदने से ज्यादा फायदेमंद

– संजीव कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक

रामपुर के दीपक चौधरी को जब दिल्ली में नई नौकरी मिली तो सबसे पहले उन्होंने वहां नए मकान की तलाश शुरू की। उनकी मासिक तनख्वाह 50,000/– रुपये से कुछ अधिक थी और अगर वह 10 लाख रु. अपने पास से लगाकर मकान खरीदने के लिए 25 लाख रुपये का कर्ज लेते हैं तो उनकी समानुपातिक मासिक किस्त (ईएमआई) तकरीबन 29,000 रुपए बनती। मकान खरीदने के लिए उनका बजट 35 लाख रुपये था, मगर जिस हिसाब से प्रॉपर्टी की कीमतों में आग लगी हुई है, उसे देखकर तो यही लगता है कि इतने बजट के साथ वह दिल्ली के आसपास नोएडा या ग्रेटर नोएडा या फरीदाबाद गाजियाबाद, रोहतक या पानीपत जैसे किसी इलाके में ही मकान खरीद पाएंगे।

हालांकि रोजाना दफ्तर आने–जाने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दीपक ने मकान खरीदने के बजाय किराये पर मकान लेने का फैसला किया। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा, "एनसीआर के इलाकों में मकान खरीदने का मतलब है रोजाना कई घंटों का सफर कर ऑफिस पहुंचना। इस कारण से मैंने दक्षिण दिल्ली की एक कालोनी में अपने ऑफिस के नजदीक मकान किराये पर लेना बेहतर समझा।" उन्होंने 30,000 रुपये किराये पर एक मकान ले लिया। यदि देखा जाए तो यह उस पूंजी का ब्याज भर है जो दीपक जी मकान खरीदने में लगाते। लेकिन यहां पर यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि उनके वेतन का लगभग आधे से ज्यादा हिस्सा सिर्फ मकान के भाड़े में जा रहा है। दिल्ली–मुंबई जैसे महानगरों में इतना भाड़ा देकर रहने वाले एक सदस्य की कमाई के हिसाब से घाटे का सौदा है, यदि इसी में पति–पत्नी नौकरी वाले हों, तो कुछ हद तक यह सौदा लाभ का सिद्ध हो सकता है।

जब खरीदना हो मकान : सालों से लोगों की सोच यही रही है कि अपना निजी मकान हो। वे किराये पर मकान लेने के बजाय मकान खरीदना अपनी प्राथमिकता मानते हैं। हालांकि आज की तारीख में प्रॉपर्टी के भाव जिस हिसाब से आसमान छू रहे हैं उसे देखकर तो किराये पर मकान लेना ही एकमात्र विकल्प नजर आता है। एक अध्ययन के अनुसार हाल ही के वर्षों में लगभग सभी महानगरों में जितने मकान किराया के सौदे हुए हैं वे पिछले सालों के मुकाबले 50 फीसदी अधिक है।

हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दरों में बढ़ोत्तरी पर लगाम लगाने के संकेत दिए है और 2011 में मुंबई, दिल्ली व एनसीआर, बैंगलूरू और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में प्रॉपर्टी कीमतें 10 फीसदी तक घटी है। तो क्या इस मौके का लाभ उठाकर मकान की खरीददारी करना सही रहेगा।

पिछले 18 महीनों में आवासीय ऋण पर ब्याज दरें औसतन 9 फीसदी से बढ़कर 11.5 फीसदी तक पहुंच गई हैं. हालांकि इसके बाद भी पूंजी का मूल्य बढ़ने से मकान खरीदने की सलाह दी जा सकती है। अगर कोई फिलहाल ऊंची ब्याज दरों पर भी आवासीय ऋण ले लेता है तो भी इस कर्ज की मियाद आमतौर पर 15 से 20 साल की होती है और इस अवधि में ऐसे चक्र जरूर आएंगे जब ब्याज दरें नीची होंगी।

आवासीय सेवाओं के साथ जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में ही ब्याज दरों के ऐसे निचले चक्र की उम्मीद की जा सकती है। आज के दौर में महंगे होते ऋणों के चलते कमजोर मांग की वजह से डेवलपर 15 से 20 फीसदी की छूट देने को तैयार हैं, बशर्ते एकमुश्त मकान की बड़ी रकम का भुगतान किया जा रहा हो। पर जैसे ही ब्याज दरें नीची होना शुरू होंगी तो मांग में एक बार फिर से तेजी आने लगेगी और प्रॉपर्टी के दाम फिर से चढ़ने लगेंगे।

मगर यह कहना जितना आसान है, करना उतना ही मुश्किल। आमतौर पर कोई ग्राहक संपत्ति मूल्य का अधिकतम 80 फीसदी तक कर्ज ले सकता है। बाकी 20 फीसदी रकम का एकमुश्त भुगतान अपनी जेब से करना होगा। आमतौर पर बैंक किसी की तनख्वाह का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा ईएमआई के तौर पर नहीं रखते, पर अगर आपने फ्लोटिंग दर पर कर्ज लिया है तो यह अनुपात घट–बढ़ सकता है।

अब अगर इस लिहाज से देखा जाए तो श्री दीपक चौधरी को अपने लगभग 50,000/– रु. के वेतन पर लगभग 18–20 लाख रुपयों का ऋण प्राप्त हो सकता है, जो उनके 35 लाख के घर पर उन्हें 25 लाख की बजाए केवल 18–20 लाख ही ऋण मिल पाएगा। उन्हें अपने सपनों के घर को खरीदने के लिए 5–7 लाख रु. और अधिक यानि कुल 15–17 लाख रुपये जुटाने होंगे। इसे जुटाने में दो–तीन साल गुजर सकते हैं, शायद तब तक यह 35 लाख का घर लगभग 50 लाख की सीमा पर पहुंच जाएगा। ऐसे में घर

रामपुर के दीपक चौधरी को जब दिल्ली में नई नौकरी मिली तो सबसे पहले उन्होंने वहां नए मकान की तलाश शुरू की। उनकी मासिक तनख्वाह 50,000/– रुपये से कुछ अधिक थी और अगर वह 10 लाख रु. अपने पास से लगाकर मकान खरीदने के लिए 25 लाख रुपये का कर्ज लेते हैं तो उनकी समानुपातिक मासिक किस्त (ईएमआई) तकरीबन 29,000 रुपए बनती। मकान खरीदने के लिए उनका बजट 35 लाख रुपये था, मगर जिस हिसाब से प्रॉपर्टी की कीमतों में आग लगी हुई है, उसे देखकर तो यही लगता है कि इतने बजट के साथ वह दिल्ली के आसपास नोएडा या ग्रेटर नोएडा या फरीदाबाद गाजियाबाद, रोहतक या पानीपत जैसे किसी इलाके में ही मकान खरीद पाएंगे।

हालांकि रोजाना दफ्तर आने–जाने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दीपक ने मकान खरीदने के बजाय किराये पर मकान लेने का फैसला किया। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने कहा, "एनसीआर के इलाकों में मकान खरीदने का मतलब है रोजाना कई घंटों का सफर कर ऑफिस पहुंचना। इस कारण से मैंने दक्षिण दिल्ली की एक कालोनी में अपने ऑफिस के नजदीक मकान किराये पर लेना बेहतर समझा।" उन्होंने 30,000 रुपये किराये पर एक मकान ले लिया। यदि देखा जाए तो यह उस पूंजी का ब्याज भर है जो दीपक जी मकान खरीदने में लगाते। लेकिन यहां पर यह भी ध्यान देने की जरूरत है कि उनके वेतन का लगभग आधे से ज्यादा हिस्सा सिर्फ मकान के भाड़े में जा रहा है। दिल्ली–मुंबई जैसे महानगरों में इतना भाड़ा देकर रहने वाले एक सदस्य की कमाई के हिसाब से घाटे का सौदा है, यदि इसी में पति–पत्नी नौकरी वाले हों, तो कुछ हद तक यह सौदा लाभ का सिद्ध हो सकता है।

जब खरीदना हो मकान : सालों से लोगों की सोच यही रही है कि अपना निजी मकान हो। वे किराये पर मकान लेने के बजाय मकान खरीदना अपनी प्राथमिकता मानते हैं। हालांकि आज की तारीख में प्रॉपर्टी के भाव जिस हिसाब से आसमान छू रहे हैं उसे देखकर तो किराये पर मकान लेना ही एकमात्र विकल्प नजर आता है। एक अध्ययन के अनुसार हाल ही के वर्षों में लगभग सभी महानगरों में जितने मकान किराया के सौदे हुए हैं वे पिछले सालों के मुकाबले 50 फीसदी अधिक हैं।

हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दरों में बढ़ोत्तरी पर लगाम लगाने के संकेत दिए हैं और 2011 में मुंबई, दिल्ली व एनसीआर, बैंगलूरु और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों में प्रॉपर्टी कीमतें 10 फीसदी तक घटी हैं। तो क्या इस मौके का लाभ उठाकर मकान की खरीददारी करना सही रहेगा।

पिछले 18 महीनों में आवासीय ऋण पर ब्याज दरें औसतन 9 फीसदी से बढ़कर 11.5 फीसदी तक पहुंच गई हैं, हालांकि इसके बाद भी पूंजी का मूल्य बढ़ने से मकान खरीदने की सलाह दी जा सकती है। अगर कोई फिलहाल ऊंची ब्याज दरों पर भी आवासीय ऋण ले लेता है तो भी इस कर्ज की मियाद आमतौर पर 15 से 20 साल की होती है और इस अवधि में ऐसे चक्र जरूर आएंगे जब ब्याज दरें नीची होंगी।

आवासीय सेवाओं के साथ जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में ही ब्याज दरों के ऐसे निचले चक्र की उम्मीद की जा सकती है। आज के दौर में महंगे होते ऋणों के चलते कमजोर मांग की वजह से डेवलपर 15 से 20 फीसदी की छूट देने को तैयार हैं, बशर्ते एकमुश्त मकान की बड़ी रकम का भुगतान किया जा रहा हो। पर जैसे ही ब्याज दरें नीची होना शुरू होंगी तो मांग में एक बार फिर से तेजी आने लगेगी और प्रॉपर्टी के दाम फिर से चढ़ने लगेंगे।

मगर यह कहना जितना आसान है, करना उतना की मुश्किल। आमतौर पर कोई ग्राहक संपत्ति मूल्य का अधिकतम 80 फीसदी तक कर्ज ले सकता है। बाकी 20 फीसदी रकम का एकमुश्त भुगतान अपनी जेब से करना होगा। आमतौर पर बैंक किसी की तनख्वाह का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा ईएमआई के तौर पर नहीं रखते, पर अगर आपने फ्लोटिंग दर पर कर्ज लिया है तो यह अनुपात घट–बढ़ सकता है।

अब अगर इस लिहाज से देखा जाए तो श्री दीपक चौधरी को अपने लगभग 50,000/– रु. के वेतन पर लगभग 18–20 लाख रुपयों का ऋण प्राप्त हो सकता है, जो उनके 35 लाख के घर पर उन्हें 25 लाख की बजाए केवल 18–20 लाख ही ऋण मिल पाएगा। उन्हें अपने सपनों के घर को खरीदने

महाराष्ट्र सरकार द्वारा छोटे फ्लैटों के निर्माण हेतु विकास नियंत्रण (डीसी) नियमों में परिर्वतन

प्रभात रंजन, सहायक प्रबंधक

बड़ी योजनाओं में छोटे आकार के 20 प्रतिशत फ्लैटों का निर्माण अनिवार्य

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में महानगरपालिका के सभी क्षेत्रों में नए निर्माण के लिए भवननिर्माताओं और विकासकों को बड़ी योजनाओं में छोटे आकार के 20 प्रतिशत फ्लैट बनाने हेतु विकास नियंत्रण में कुछ निश्चित परिवर्तन किये हैं। सरकार ने दावा किया है कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मंहगी निर्माण परियोजना में फ्लैट खरीदने की सुविधा मिलेगी।

राज्य सरकार के मुख्यमंत्री ने दिसम्बर में मुंबई में हुई मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक के बाद यह घोषणा की थी। मुख्यमंत्री महोदय ने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को भी मुंबई और पुणे जैसे शहरों के मंहगे रिहायशी इलाकों में मकान खरीदने के अवसर मिल सकें।

मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया कि कोई भी निर्माण योजना जो 2,000 वर्ग मीटर या उससे बड़े आकार के प्लॉट पर चल रही है तो उसे विकास नियंत्रण के नियमों का पालन करना होगा। नए नियमों के अनुसार 20 प्रतिशत क्षेत्र में 27.8 वर्ग मीटर से लेकर 45 वर्ग मीटर (लगभग 300से 500 वर्ग फुट) के आकार वाले फ्लैटों का निर्माण करना आवश्यक होगा। हालांकि फ्लैटों के कीमत की कोई सीमा नहीं होगी और दरों का निर्धारण भी बाजार की परिस्थिति पर निर्भर रहेगा।

भू–संपदा के क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले श्री सुनील मंत्री ने कहा कि " यह प्रस्ताव कई तरह से अव्यवहारिक रहेगा....यह योजना छोटे आकार के प्लॉटों के अनुकूल नहीं होगी। इसे 10 एकड़ या उससे अधिक के प्लॉट पर लागू किया जाना चाहिए।"

इसी तरह का एक परिवर्तन 2009 में विकास नियंत्रण में किया गया था, लेकिन उसे मुंबई–आधारित कई विकासकों ने कोर्ट में चुनौती दी, जिसके फलस्वरूप कोर्ट ने सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। मुख्यमंत्री के अनुसार, इस बार राज्य विभिन्न वर्गों से सुझावों और आपत्तियों के बारे में पूछेगा और राज्य एजेंसी महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) को फ्लैटों के आबंटन के क्रियान्वयन का निर्देश प्रदान करेगा। राज्य सरकार के द्वारा जारी एक वक्तव्य के अनुसार यह आबंटन एक लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि राज्य इन नियमों को तत्काल लागू करेगा जबकि कुछ सरकारी स्रोतों के अनुसार शायद इसे कोर्ट में पुनः चुनौती दिये जाने की संभावना है। प्रस्तावित योजना को बहुत से रिएलिटी विकासकों एवं बिल्डरों का विरोधी रूख झेलना पड़ सकता है; क्योंकि शायद उनके लिए इस मामले में निम्न आय समूह आवास को विलासिता/मंहगी परियोजना से ही नहीं; बल्कि मध्यम आवासीय योजना के साथ जोड़ना भी व्यावसायिक रूप से संभव नहीं हो पाएगा।

विकासकों के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर खरीददार शायद इन परियोजनाओं के उच्च रख–रखाव को वहन नहीं कर सकते जिससे आमतौर पर विलासितापूर्ण अपार्टमेंट के खरीददारों को सुख–सुविधाएं प्राप्त होती हैं। इसके अलावा, पुनर्विकास परियोजनाओं के तहत, इस परियोजना के चलते पहले से बसे किरायेदारों को निम्न आय समूह के साथ रहने के लिए मनाना भी कठिन होगा। उन्होंने बताया " प्रत्येक विकासक एलआईजी आवास की इस तरह की योजना की बजाए सेवा प्रदान करने वालों के रहने के लिए सर्वेंट क्वार्टर देता है।" यद्यपि कुछ विकासक राज्य सरकार के इस कदम का स्वागत भी कर रहे हैं। वे इस तरह के अन्य कदमों की अपेक्षा रखते हैं ताकि आवासीय किल्लत को सूचकांक से कम किया जा सके।

भू–संपदा क्षेत्र से जुड़े श्री निरंजन हीरानंदनी ने कहा "मैं सोचता हूं कि यह एक अच्छा उपाय है, परंतु असली मुद्दा यह है कि समाज के सभी वर्गों में आवास आपूर्ति को तेजी से कैसे बढ़ाया जाए। यहां तक कि यदि हम वर्तमान और आगामी परियोजनाओं में 10 से 20 प्रतिशत आरक्षण रखते हैं तब भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आवास की बहुत कम आपूर्ति हो पाएगी।"

हाल ही में इस मामले में भूसंपदा क्षेत्र से जुड़े कुछ व्यावसायिकों का मानना है कि सरकार का यह कदम गरीब वर्ग के लिए आकर्षक तो है, पर व्यावहारिक नहीं है। उनका मानना है कि इन फ्लैटों की कीमत इतनी अधिक होगी कि मुंबई की आवासीय कालोनियों में सेवाएं देने वाला वर्ग– जैसे कि घर की सफाई/कामवाली बाई, कार के ड्राइवर, नाई एवं धोबी का काम करने वाले इन्हें नहीं खरीद पाएंगे, क्योंकि इनके पास न तो कोई स्थाई आय का स्रोत होता है और न ही बैंकों को मार्टगेज करने या गारंटी देने वाली कोई संपदा होती है। यदि कुछ हो तो बैंक 8–10 लाख रूपये का ऋण देने का जोखिम नहीं उठाना चाहेंगे।

अपना नाम न जाहिर करते हुए, एक प्रतिष्ठित बैंक के एक उच्चाधिकारी ने बताया कि इससे बढ़िया तो यह है कि सरकार इन भूखंडों में एक निश्चित

प्रतिशत के भूभाग पर कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए फ्लैट बनाना सुनिश्चित करें और यह फ्लैट मुख्य भूखंड से बिल्कुल अलग एवं अलग निकासी वाले हों। उनकी दखलंदाजी बड़े फ्लैटों के इलाके में न हो। इन कमजोर वर्ग के फ्लैटों के निर्माण की कीमत बड़े फ्लैटों के खरीददारों पर डाली जाए और कमजोर वर्ग के फ्लैटों की कीमत बहुत ही किफायती रखी जाए, ताकि यह फ्लैट सही सेवादाता कमजोर वर्ग को ही मिलें। यदि एक ही बाउंड्री के भीतर दोनों तरह के फ्लैट बनाए जाएंगे तो बड़े फ्लैटों के खरीददार नहीं मिलेंगे।

मंत्रिमंडल ने पृथक विकासों के अंतर्गत स्लम निवासियों की पात्रता के संबंध में पुनर्वास अथवा पुनर्विकास योजनाओं के लिये विकास नियंत्रण में परिवर्तन करने के लिए अनुमोदन किया। इससे पहले कोई स्लम में रहने वाले, 1 जनवरी 1995 से पहले बनी स्लम बस्ती में ही रह सकता था, पर अब नए नियम के अनुसार, बेशक कोई स्लम बस्ती जो 1 जनवरी 1995 से पहले की बनी हो, कोई निवासी जो अपेक्षाकृत अभी–अभी आया हो, इस क्षेत्र में एक अधिभोगी हो सकता है। इससे लाखों स्लम आवासी जो 1 जनवरी 1995 के बाद मुंबई आए हैं, पुर्नवास के योग्य बन पाएंगे।

भारत-उदय

अशोक कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक

हमारे देश भारत का एक प्राचीनतम एवं गौरवशाली इतिहास रहा है। एक ऐसा इतिहास जो इतिहास के पन्नों पर भले ही अपनी प्रमाणिकता न सिद्ध कर सके, लेकिन इस देश के जन–जन के मन एवं संस्कृति व सभ्यता में समाया हुआ है। कुछ तथाकथित इतिहासकार भले ही इन पुरातन बातों को कवि एवं कल्पना की उड़ान मान लें पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि जन–जन के मन एवं भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में वही चीजें जड़ें जमा पाती हैं जो हमारे जीवन एवं लोक जीवन में घटती हैं। भारतीय संस्कृति–सभ्यता एवं पौराणिक ग्रंथों में समाये राम, कृष्ण आदि चरित्र उतने ही सच हैं जितने कि गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त, पृथ्वीराज चौहान, मोहम्मद गौरी, बादशाह अकबर और मुगलिया सल्तनत या फिर वारेन हेस्टिंगज और क्लाइव लॉयड।

लेकिन इन सब इतिहासों के बावजूद लगभग 1000 वर्षों तक देश की गुलामी एवं अदूरदर्शी शासकों के कारण बार–बार होने वाले विदेशी आक्रमण एवं परस्पर सत्ता के संघर्षों ने देश को लगातार पतन की ओर धकेला, जिसका परिणाम हुआ कि भारतीय उद्योग एवं कौशल एवं शिल्प समाप्त होते चले गए और रही–सही कसर ईस्ट इंडिया कंपनी के माध्यम से प्रवेश करने वाले अंग्रेजों ने पूरी कर दी। उन्होंने भारत से कच्चा माल प्राप्त किया और इंग्लैंड में जाकर उत्पाद तैयार किए और पुनः भारत जैसे अविकसित एवं परतंत्र राष्ट्रों में बेचा। देशी शिल्पकारों, कारीगरों को पर्याप्त खरीददार न मिलने एवं राजकीय प्रोत्साहन के अभाव में अपने परंपरागत काम धंधों को बंद करना पड़ा। जिसका परिणाम यह हुआ कि अनेक भारतीय हस्तशिल्प एवं दस्तकारियां विनष्ट हो गई। आज से सौ–डेढ़ सौ साल पहले तक ढाका में बनने वाला मल–मल अरब राष्ट्रों सहित पूरे विश्व में प्रसिद्ध था। कहते हैं एक अंगूठी के छल्ले से पूरा थान (20 गज) निकल जाता था। यहां तक कि आज भी बनारसी रेशमी साड़ियों का उद्योग समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

आजादी के 65 वर्षों में देश ने पुनः करवट बदली, प्रगति की दिशा पकड़ी लेकिन उस रफ्तार से नहीं, जितनी अपेक्षित थी, या जितना स्कोप था। लेकिन कुल मिलाकर पिछले 20–25 सालों में संचार एवं कंप्यूटर क्रांति ने पूरे देश को एक नई दिशा दिखाई और तब से भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा व लगातार बढ़ रहा है। भारत में कुशल युवा श्रमशक्ति की भारी उपस्थिति ने आने वाले दिनों में इसके लिए सारे बंद दरवाजे खोल दिए हैं और लगातार खोल रही है।

भारत उम्मीदों और संभावनाओं का देश है। यहां चाहे जितनी आपदा आ जाए, लोग फिर से नई उम्मीदों के साथ उठ खड़े होते हैं। यदि कोई मुझसे पूछे कि आने वाले सालों में देश को क्या हासिल होने वाला है तो मैं कहूंगा कि आने वाला वक्त भारत का है। पिछले दिनों दिल्ली में पहला विश्व बौद्ध सम्मेलन आयोजित हुआ था। मीडिया में यह सम्मेलन दलाई लामा की मौजूदगी पर भारत–चीन में हुई तकरार के नीचे दबकर रह गया। इस सम्मेलन में बौद्ध धर्म को मानने वाले दुनिया के 46 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ये सभी देश भारत को बौद्ध धर्म के केन्द्र के रूप में देखते हैं और इसके संरक्षण एवं प्रसार में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद भारत से करते हैं। यदि भारत इन देशों को नेतृत्व देने में सफल हो जाता है तो न सिर्फ एक–चौथाई दुनिया पर उसकी सहज लीडरशिप स्थापित हो जाएगी; बल्कि देश को पर्यटन के रूप में विदेशी मुद्रा और रोजगार का भारी खजाना भी मिलेगा। इन देशों में उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा तथा भारी उद्योगों, सैन्य उत्पादों के निर्माण आदि में भारत एक महती भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। वर्तमान प्रधानमंत्री की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' इस दिशा में एक सार्थक पहल है। हम भारतीयों को आशावादी रहते हुए कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाना ही होगा।

राष्ट्र शक्ति युवा शक्ति

इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या भारत में निवास करती है। ये युवा मेहनती, रचनात्मक, जोशीले और साहसी हैं। खेल, राजनीति, बिजनेस, जॉब सभी क्षेत्रों में वे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मेहनत का लोहा दुनिया मान रही है। आने वाला वक्त इन्हीं युवाओं का रहने वाला है। इन्हें अपने सपने पूरे करने के साथ–साथ शक्तिशाली भारत के निर्माण में भी जुटना होगा, फिर चाहे वे देश में निवास कर रहे युवा हों या फिर बाहर बसे अप्रवासी भारतीय (एनआरआई)। सबके ऊपर देश के नवनिर्माण की भारी जिम्मेदारी है। हमें यह बात गांठ बांधनी होगी कि जब देश शक्तिशाली बनता है तो न केवल दुनिया भर में उस देश की कद्र बढ़ती है बल्कि उसके निवासियों का रुतबा भी बढ़ जाता है। हमें इस तथ्य को ध्यान में रखकर अगले संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

सुरक्षा परिषद में दावा

दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी से परेशान पूर्वी एशिया के देश और एशिया–पैसिफिक क्षेत्र में भारतीय मूल के बाहुल्य वाले फिजी, त्रिनिदाद टुबैगो, सिंगापुर, तथा मॉरीशस जैसे छोटे–छोटे देश भी अब लीडरशिप के

हमारे देश भारत का एक प्राचीनतम एवं गौरवशाली इतिहास रहा है। एक ऐसा इतिहास जो इतिहास के पन्नों पर भले ही अपनी प्रमाणिकता न सिद्ध कर सके, लेकिन इस देश के जन-जन के मन एवं संस्कृति व सभ्यता में समाया हुआ है। कुछ तथाकथित इतिहासकार भले ही इन पुरातन बातों को कवि एवं कल्पना की उड़ान मान लें पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि जन-जन के मन एवं भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में वही चीजें जड़ें जमा पाती हैं जो हमारे जीवन एवं लोक जीवन में घटती हैं। भारतीय संस्कृति-सभ्यता एवं पौराणिक ग्रंथों में समाये राम, कृष्ण आदि चरित्र उतने ही सच हैं जितने कि गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त, पृथ्वीराज चौहान, मोहम्मद गौरी, बादशाह अकबर और मुगलिया सल्तनत या फिर वारेन हेस्टिंग्स और क्लाइव लॉयड।

लेकिन इन सब इतिहासों के बावजूद लगभग 1000 वर्षों तक देश की गुलामी एवं अदूरदर्शी शासकों के कारण बार-बार होने वाले विदेशी आक्रमण एवं परस्पर सत्ता के संघर्षों ने देश को लगातार पतन की ओर धकेला, जिसका परिणाम हुआ कि भारतीय उद्योग एवं कौशल एवं शिल्प समाप्त होते चले गए और रही-सही कसर ईस्ट इंडिया कंपनी के माध्यम से प्रवेश करने वाले अंग्रेजों ने पूरी कर दी। उन्होंने भारत से कच्चा माल प्राप्त किया और इंग्लैंड में जाकर उत्पाद तैयार किए और पुनः भारत जैसे अविकसित एवं परतंत्र राष्ट्रों में बेचा। देशी शिल्पकारों, कारीगरों को पर्याप्त खरीददार न मिलने एवं राजकीय प्रोत्साहन के अभाव में अपने परम्परागत काम धंधों को बंद करना पड़ा। जिसका परिणाम यह हुआ कि अनेक भारतीय हस्तशिल्प एवं दस्तकारियां विनष्ट हो गईं। आज से सौ-डेढ़ सौ साल पहले तक ढाका में बनने वाला मल-मल अरब राष्ट्रों सहित पूरे विश्व में प्रसिद्ध था। कहते हैं एक अंगूठी के छल्ले में पूरा थान (20 गज) निकल जाता था। यहां तक कि आज भी बनारसी रेशमी साड़ियों का उद्योग समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में तुरंत कदम उठाने की आवश्यकता है।

आजादी के 65 वर्षों में देश ने पुनः करवट बदली, प्रगति की दिशा पकड़ी लेकिन उस रफ्तार से नहीं, जितनी अपेक्षित थी, या जितना स्कोप था। लेकिन कुल मिलाकर पिछले 20-25 सालों में संचार एवं कम्प्यूटर क्रांति ने पूरे देश को एक नई दिशा दिखाई और तब से भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा व लगातार बढ़ रहा है। भारत में कुशल युवा श्रमशक्ति की भारी उपस्थिति ने आने वाले दिनों में इसके लिए सारे बंद दरवाजे खोल दिए हैं और लगातार खोल रही है।

भारत उम्मीदों और संभावनाओं का देश है। यहां चाहे जितनी आपदा आ जाए, लोग फिर से नई उम्मीदों के साथ उठ खड़े होते हैं। यदि कोई मुझसे पूछे कि आने वाले सालों में देश को क्या हासिल होने वाला है तो मैं कहूंगा कि आने वाला वक्त भारत का है। पिछले दिनों दिल्ली में पहला विश्व बौद्ध सम्मेलन आयोजित हुआ था। मीडिया में यह सम्मेलन दलाई लामा की मौजूदगी पर भारत-चीन में हुई तकरार के नीचे दबकर रह गया। इस सम्मेलन में बौद्ध धर्म को मानने वाले दुनिया के 46 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ये सभी देश भारत को बौद्ध धर्म के केन्द्र के रूप में देखते हैं और इसके संरक्षण एवं प्रसार में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद भारत से करते हैं। यदि भारत इन देशों को नेतृत्व देने में सफल हो जाता है तो न सिर्फ एक-चौथाई दुनिया पर उसकी सहज लीडरशिप स्थापित हो जाएगी, बल्कि देश को पर्यटन के रूप में विदेशी मुद्रा और रोजगार का भारी खजाना भी मिलेगा। इन देशों में उच्च शिक्षा, तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी की शिक्षा तथा भारी उद्योगों, सैन्य उत्पादों के निर्माण आदि में भारत एक महती भूमिका निभाने की क्षमता रखता है। वर्तमान प्रधानमंत्री की 'लुक ईस्ट पॉलिसी' इस दिशा में एक सार्थक पहल है। हम भारतीयों को आशावादी रहते हुए कुछ क्षेत्रों में अपना प्रभाव दिखाना ही होगा।

राष्ट्र शक्ति युवा शक्ति

इस समय दुनिया में सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या भारत में निवास करती है। ये युवा मेहनती, रचनात्मक, जोशीले और साहसी हैं। खेल, राजनीति, बिजनेस, जॉब सभी क्षेत्रों में ये बढ़िया प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मेहनत का लोहा दुनिया मान रही है। आने वाला वक्त इन्हीं युवाओं का रहने वाला है। इन्हें अपने सपने पूरे करने के साथ-साथ शक्तिशाली भारत के निर्माण में भी जुटना होगा, फिर चाहे वे देश में निवास कर रहे युवा हों या फिर बाहर बसे अप्रवासी भारतीय (एनआरआई)। सबके ऊपर देश के नवनिर्माण की भारी जिम्मेदारी है। हमें यह बात गांठ बांधनी होगी कि जब देश शक्तिशाली बनता है तो न केवल दुनिया भर में उस देश की कद बढ़ती है बल्कि उसके निवासियों का रुतबा भी बढ़ जाता है। हमें इस तथ्य को ध्यान में रखकर अगले संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा।

सुरक्षा परिषद में दावा

दक्षिण चीन सागर में चीन की दादागिरी से परेशान पूर्वी एशिया के देश और एशिया-पैसिफिक क्षेत्र में भारतीय मूल के बाहुल्य वाले फिजी, त्रिनिदाद टुबैगो, सिंगापुर तथा मॉरीशस जैसे छोटे-छोटे देश भी अब लीडरशिप के लिए भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। देश को ये मौके गंवाने नहीं चाहिए और सावधानी से कदम उठाकर 21वीं सदी को भारत की सदी बनाने का सपना पूरा करना चाहिए। हमारा देश पिछले कई सालों से सुरक्षा परिषद यानि कि सिक्योरिटी काउंसिल का स्थायी सदस्य बनने की कोशिश कर रहा है लेकिन कुछेक बड़ी शक्तियों की चालबाजी के चलते उसे अभी तक उसका सही स्थान नहीं मिल पाया है। सही मायनों में स्थाई सदस्यता के लिए वह शुरू से ही सशक्त दावेदार रहा है। मुझे लगता है कि यह सुनहरा दिन देखने का अवसर नजदीक आ रहा है।

देर-सवेर चीन व पाकिस्तान भी देगा साथ

विश्व राजनीति में स्थितियां इतनी तेजी से बदल रही हैं कि भारत के दावे को खुले तौर पर नकारना अब किसी भी देश के लिए मुमकिन नहीं है। विश्व की एकमात्र महाशक्ति अमेरिका समेत दुनिया के अनेक देश भारत के दावे का समर्थन कर चुके हैं। अब बड़ी ताकतों में केवल चीन बचा है, जो अपनी तिकड़मों के चलते भारत को रोकने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, ऊपरी तौर पर कई मंचों पर समर्थन की मंशा भी प्रकट की है। लेकिन मुझे लगता है कि वह ज्यादा लंबे वक्त तक अपने इरादों में कामयाब नहीं हो पाएगा। दक्षिण चीन सागर में पड़ोसी देशों के साथ बढ़ते मतभेद और अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया, भारत के बीच बढ़ते सहयोग से चीन एक दिन खुद अपने जाल में घिर जाएगा और तब उसे विवश होकर भारत की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाना होगा। ऐसी स्थिति में अपनी दोस्ती के स्थायित्व का यकीन दिलाने के लिए वह सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी को समर्थन देगा। यद्यपि यह सही है कि हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान एक मुश्किल दौर से गुजर रहा है। इस देश के अस्तित्व में आने के बाद से ही प्रजातंत्र की जड़ें जम भी नहीं पाई थीं कि देश की लगाम सैन्य तानाशाहों के हाथ में चली गई। बीच-बीच में कई बार

भारतीय अर्थव्यवस्था का विकास क्रम

प्राची सिंह

देश की आजादी के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति – जिस समय देश आजाद हुआ, उस समय तक भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं पर दो शताब्दी लंबे ब्रिटिश शासन की छाप प्रदर्शित हो रही थी। भारत का कृषि क्षेत्र पहले ही अधिक श्रम शक्ति और बहुत ही कम उत्पादकता की वजह से अवतल (गड्ढे) में जा चुका था। औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिकीकरण की कमी थी और निवेश का भारी अभाव था। कुल मिलाकर देश के समक्ष असंख्य आर्थिक चुनौतियां सामने खड़ी थीं। आइए एक–एक कर देश की आजादी के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति को समझते हैं।

(क) कृषि की स्थिति – औपनिवेशिक (ब्रिटिश) शासनावधि के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था मूलतः प्रकृति में कृषि संबंधी थी। लगभग 85 प्रतिशत जनसंख्या अपने जीवन यापन के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर थी। उस दौरान कृषि की जर्जर अवस्था के मुख्य कारण थे–

- स्वार्थी ब्रिटिश नीतियां, जमींदारी व्यवस्था के माध्यम से राजस्व की वसूली या संकलन।
- उर्वरकों, तकनीकों का कम उपयोग तथा सिंचाई का अभाव
- कृषि में निवेश एवं संसाधनों का अभाव उपर्युक्त कारणों के अलावा, ब्रिटिशर्स/ब्रितानियों के द्वारा विभिन्न भूमि निपटान प्रणालियों को प्रस्तुत करना जैसे कि जमींदारी प्रणाली, जिसके कारण कृषि क्षेत्र की वृद्धि में ठहराव आ गया। जमींदारी प्रणाली में जमींदार किसानों से राजस्व संग्रह कर ब्रिटिश अधिकारियों के पास जमा करते थे। यदि वे निर्धारित तिथि तक राजस्व नहीं जमा कर पाते थे तो वे अपने अधिकार खो देते थे। इन कारणों के चलते, जमींदार लोगों का पूरा ध्यान कृषि क्षेत्र से प्राप्त राजस्व/लाभ पर टिका रहता था। जिसके कारण जमींदार एवं खेतिहर (किसान) के बीच सामाजिक तनाव एवं असीम कृपणता रहती थी। ब्रितानी लोगों के इस कार्य ने कृषि की उत्पादकता को बहुत प्रभावित किया।

(ख) उद्योग की स्थिति– जैसा कि कृषि के मामले में था, ठीक लगभग वैसा ही निर्माण के क्षेत्र में था। अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के कारण ठोस औद्योगिक आधार नहीं विकसित कर सका। इस अवधि के दौरान हस्तशिल्प उद्योग की अवनति (पतन) हुई जिसने कि भारतीय हस्तशिल्प के गौरव को समाप्त कर दिया। इस नीति का प्रमुख उद्देश्य भारत को क्रमबद्ध तरीके से दो कारणों से उद्योग विहीन बनाना था

- उनको अपने उद्योगों के तैयार माल की खपत के लिए भारत को एक अव्यवस्थित बाजार मिले, ताकि उनका निरंतर विस्तार ब्रिटिश लोगों के अधिकतम लाभ को सुनिश्चित कर सके।
- भारत ब्रिटेन के लिए केवल कच्चे माल का आपूरक बना रहे, ताकि उनका ब्रिटिश उद्योग आधुनिकीकरण की ओर उठता रहे। उन्नीसवीं सदी के उत्तर मध्य में, आधुनिक उद्योग ने भारत आने का मार्ग पकड़ा, लेकिन प्रगति धीमी थी। भारत का विकास केवल कपड़ा एवं जूट–कपड़ा उद्योगों की स्थापना तक ही परिसीमित रहा। पहली लौह एवं इस्पात कंपनी 1907 में जमशेदपुर में टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी के द्वारा निगमित की गई।

(ग) विदेशी व्यापार की स्थिति–भारत का विदेश व्यापार माल/आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन, व्यापार एवं प्रशुल्क में प्रतिबंधक नीतियों के कारण बुरी तरह प्रभावित हुआ। परिणामस्वरूप, भारत कच्चे रेशम, कपास, ऊन एवं जूट आदि का प्रमुख निर्यातक बन गया और तैयार उपभोक्ता वस्तुओं जैसे कपड़ा, रेशम, ऊनी कपड़ों तथा ब्रिटेन के कारखानों में उत्पादित मशीनरी जैसे पूंजी माल के लिए आयातक बन गया। सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए ब्रिटेन ने भारत के आयात–निर्यात पर अपनी नियंत्रण की एकाधिकार की नीतियां बनाई हुई थीं।

(घ) ढांचागत–संरचना की स्थिति– औपनिवेशिक शासन के दौरान, रेलवे, जहाजरानी बंदरगाह, जल परिवहन, पोस्ट एंड टेलीग्राफ (डाक–तार) को विकसित किया गया, हालांकि, इस विकास के पीछे का असली उद्देश्य भारतीय लोगों के हितों को पूरा करना नहीं था, बल्कि विभिन्न औपनिवेशिक हितों को पूरा करना था।

भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रकृति एवं वृद्धि योजना

भारत के आजाद होने के पश्चात, भारतीय नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसी अर्थव्यवस्था की रूपरेखा तैयार करना था, जो सभी के कल्याण को सुनिश्चित करे। उस समय दो महत्वपूर्ण विद्यमान अर्थव्यवस्थाएं–पूंजीवादी आर्थिक प्रणाली तथा समाजवादी आर्थिक प्रणाली थी। भारत ने दोनों के मध्य मार्ग को पकड़ते हुए समिश्रित अर्थव्यवस्था अपनाई। इस समिश्रित अर्थव्यवस्था ने पूंजीवादी अर्थव्यवस्था एवं समाजवादी अर्थव्यवस्था की सर्वोत्तम विशिष्टताओं को समायोजित करने का प्रयास किया और सभी का कल्याण सुनिश्चित किया।

भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि को रूपरेखा प्रदान करने के क्रम में, 1950 में भारत का योजना आयोग स्थापित किया गया। भारत के प्रधानमंत्री भारत के योजना आयोग के पदेन अध्यक्ष होते हैं।

पंचवर्षीय योजनाओं का उद्देश्य मूलतः एक सुनिश्चित अवधि के भीतर राष्ट्र की आर्थिक वृद्धि को सर्वोत्तम तरीके से उपलब्ध संसाधनों का उपयोगकर लक्ष्य को प्राप्त करना है।

भारत में आर्थिक योजना के मुख्य उद्देश्य

- प्रतिव्यक्ति आय को बढ़ाना
- पूर्ण रोजगार
- आय एवं समृद्धि की असमानता को घटाना
- एक समतावादी समाज की स्थापना

भारत का योजना आयोग –देश के संसाधनों का सक्षमतापूर्ण अवशोषण, उत्पादन में अभिवृद्धि तथा समुदाय की सेवा में सभी को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के द्वारा लोगों के जीवन स्तर को तेजी से बेहतर बनाने के सरकार के घोषित उद्देश्य को अग्रेषित करने के लिए मार्च 1950 में भारत

देश की आजादी के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति – जिस समय देश आजाद हुआ, उस समय तक भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं पर दो शताब्दी लंबे ब्रिटिश शासन की छाप प्रदर्शित हो रही थी। भारत का कृषि क्षेत्र पहले ही अधिक श्रम शक्ति और बहुत ही कम उत्पादकता की वजह से अवतल (गड्ढे) में जा चुका था। औद्योगिक क्षेत्र में आधुनिकीकरण की कमी थी और निवेश का भारी अभाव था। कुल मिलाकर देश के समक्ष असंख्य आर्थिक चुनौतियां सामने खड़ी थीं। आइए एक–एक कर देश की आजादी के दौर में भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति को समझते हैं।

(क) कृषि की स्थिति – औपनिवेशिक (ब्रिटिश) शासनावधि के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था मूलतः प्रकृति में कृषि संबंधी थी। लगभग 85 प्रतिशत जनसंख्या अपने जीवन यापन के लिए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर थी। उस दौरान कृषि की जर्जर अवस्था के मुख्य कारण थे–

- स्वार्थी ब्रिटिश नीतियां, जमींदारी व्यवस्था के माध्यम से राजस्व की वसूली या संकलन।
- उर्वरकों, तकनीकों का कम उपयोग तथा सिंचाई का अभाव
- कृषि में निवेश एवं संसाधनों का अभाव उपरोक्त कारणों के अलावा, ब्रिटिशर्स/ब्रितानियों के द्वारा विभिन्न भूमि निपटान प्रणालियों को प्रस्तुत करना जैसे कि जमींदारी प्रणाली, जिसके कारण कृषि क्षेत्र की वृद्धि में ठहराव आ गया। जमींदारी प्रणाली में जमींदार किसानों से राजस्व संग्रह कर ब्रिटिश अधिकारियों के पास जमा करते थे। यदि वे निर्धारित तिथि तक राजस्व नहीं जमा कर पाते थे तो वे अपने अधिकार खो देते थे। इन कारणों के चलते, जमींदार लोगों का पूरा ध्यान कृषि क्षेत्र से प्राप्त राजस्व/लाभ पर टिका रहता था। जिसके कारण जमींदार एवं खेतिहर (किसान) के बीच सामाजिक तनाव एवं असीम कृपणता रहती थी। ब्रितानी लोगों के इस कार्य ने कृषि की उत्पादकता को बहुत प्रभावित किया।

